दिन– बुधवार दिनांक– 28 / 05 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. केंद्रीय कैबिनेट का किसानों के हित में फैसला – धान समेत चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एम.एस.पी. में वृद्धि को मंजूरी दी।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। श्री मोदी कल पटना हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। रोड–शो में भी शामिल होंगे।

03. पटना में कोरोना के छह और संक्रमित मिले। संक्रमितों में एम्स की महिला डॉक्टर और दो नर्सें भी शामिल।

04. और, राज्य के विभिन्न भागों में प्री–मॉनसून बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज भागलपुर, बांका, कटिहार, किशनगंज और जमुई में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

---

केंद्र सरकार ने चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एम.एस.पी. में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय कैबिनेट की बैठक के बाद नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह जानकारी दी। श्री वैष्णव ने कहा कि सरकार ने विपणन सत्र– दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए खरीफ फसलों की एमएसपी में लागत पर पचास प्रतिशत की वृद्धि के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। इससे किसानों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित होगा।

–––बाइट–––

श्री वैष्णव ने बताया कि धान के समर्थन मूल्य में उनहत्तर रूपए प्रति क्विंटल की वृद्धि की गयी है। वहीं, रागी के लिए पांच सौ छियानबे रुपये प्रति क्विंटल, कपास के लिए पांच सौ नवासी रुपये प्रति क्विंटल और तिल के लिए पांच सौ उनासी रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी की सिफारिश की गई है। केंद्रीय कैबिनेट ने किसानों को ऋण के संशोधित ब्याज छूट योजना –एमआईएसएस के तहत छूट जारी रखने की भी मंजूरी दे दी है। संशोधित ब्याज छूट योजना का उद्देश्य किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को सस्ती ब्याज दर पर ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

–––बाइट–––

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दो दिन के दौरे पर बिहार आ रहे हैं। श्री मोदी कल शाम लगभग पौने पांच बजे पटना में जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय पटना हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। इस पर लगभग एक हजार दो सौ करोड़ रुपये की लागत आई है। नए टर्मिनल भवन के शुरू हो जाने से हवाई अड्डे की वार्षिक यात्री संचालन क्षमता बढ़कर एक करोड़ हो जाएगी। प्रधानमंत्री बिहटा हवाई अड्डे के नए सिविल एन्क्लेव की आधारशिला भी रखेंगे। बिहटा हवाई अड्डे का उद्देश्य पटना और इसके आस–पास तेजी से शैक्षिक केन्द्र के रूप में विकसित हो रहे क्षेत्रों को सेवा प्रदान करना है। इन क्षेत्रों में आई.आई.टी. पटना और प्रस्तावित एन.आई.टी. पटना परिसर शामिल हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर दिलीप जायसवाल ने बताया कि उद्घाटन समारोह के बाद श्री मोदी पटना में रोड शो करेंगे।

———बाइट———

प्रधानमंत्री श्री मोदी अगले दिन तीस मई को रोहतास जिले के बिक्रमगंज में अड़तालीस हजार पांच सौ बीस करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री बिक्रमगंज मेंएक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और राज्य के जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार के विकास को लेकर गंभीर रहे हैं। श्री चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने दौरे के दौरान बिहार के लिए कई विकास योजनाओं की घोषणा करेंगे, जिससे राज्य विकास पथ पर तेजी से आगे बढ़ेगा।

———बाइट———

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बिहार और पटना के लिए कल का दिन ऐतिहासिक होगा। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पटना को एक नया एयरपोर्ट टर्मिनल मिलेगा, जिसका बिहार के लोग काफी दिनों से इंतजार कर रहे थे।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा है कि प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर एनडीए कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है।

औरंगाबाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री सिंह ने कहा कि बिक्रमगंज में प्रधानमंत्री की सभा ऐतिहासिक होगी।

---

प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। पुलिस मुख्यालय ने हाई अलर्ट जारी किया है। इसके तहत पटना और रोहतास में समारोह स्थल और रोड–शो के मार्ग को पूरी तरह सुरक्षित जोन घोषित किया गया है। जगह–जगह मजिस्ट्रेट की निगरानी में पुलिस बल की तैनाती की गयी है। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर होटलों, अतिथि गृह, रेलवे स्टेशन, बस अड्डों समेत अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा जांच बढ़ा दी है। इधर, पटना में प्रधानमंत्री के रोड–शो को देखते हुए यातायात व्यवस्था में भी परिवर्तन किया गया है। यातायात पुलिस अधीक्षक अपराजित लोहान ने बताया कि उनतीस मई को शाम चार बजे से रात आठ बजे तक बेलीरोड पर सामान्य वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। इस दौरान वाहनों का परिचालन डायर्वट किया जाएगा। पटना हवाई अड्डे से उड़ान पकड़ने वाले यात्रियों को तीन घंटा पहले हवाई अड्डा पहुंचने की सलाह दी गयी है।

---

जनता दल युनाइटेड के सांसद संजय झा की अगवाई में संसदीय प्रतिनिधिमंडल आज इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता पहुंच गया है। यह भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर किए गए कूटनीतिक प्रयास का हिस्सा है। श्री झा ने कहा कि भारत की आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने की नीति है।

–––बाइट–––

सारी पार्टी एक साथ खड़ी हैं इस लड़ाई में। देश ने भी लोग मान लिया है इनफ–इज–इनफ हो गया। अब अगर इस तरह का घटना होगा तो हम केवल नोट एक्सचेंज नहीं करेंगे। इंफोरमेशन शेयर नहीं करेंगे। अग्रेंजी ...... यह एक रिजोल्व लेकर के गए हैं। दुनिया में भी हम लोग जाकर ये बता रहे हैं।

इधर, भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद की अगुवाई में सभी दलों का संसदीय शिष्टमंडल रोम पहुंच गया है। यह शिष्टमंडल ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत का मजबूत और एकजुट संदेश पहुंचाएगा।

---

पटना में कोविड के छह और संक्रमित मिले हैं। इनमें एम्स की एक महिला डॉक्टर और दो नर्सें भी शामिल हैं। इन सभी में सर्दी, खांसी और बुखार जैसे लक्षणों

जांच में रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। अबतक नौ संक्रमितों के मिलने की पुष्टि हुई है। इनमें एनएमसीएच की दो नर्सें भी शामिल हैं। इधर, स्वास्थ्य विभाग सतर्क है और लोगों से कोविड प्रोटोकॉल के पालन की अपील की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि नया वेरियेंट घातक नहीं है। श्री पांडेय ने कहा कि लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है लेकिन सतर्क और सचेत रहना आवश्यक है। पटना में कोरोना संक्रमितों के मिलने के मद्देनजर प्रशासन ने प्रधानमंत्री के दौरे के दौरान उनके आस–पास रहने वाले सुरक्षाकर्मियों और उनसे मिलने वाले लोगों के लिए कोरोना जांच आवश्यक कर दिया है।

---

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि शिक्षकों के स्थानांतरण का अधिकांश मामला जून महीने के अंत तक निपटा दिया जाएगा। पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री कुमार ने कहा कि शिक्षकों के लंबित वेतन का भुगतान भी शीघ्र कर दिया जाएगा।

———बाइट———

शिक्षा मंत्री ने कहा कि दिव्यांग छात्र–छात्राओं की बेहतर शिक्षा के लिए सभी संस्थानों में विशेष शिक्षक की नियुक्ति की जाएगी। नियुक्ति की प्रक्रिया अगले महीने शुरू हो जाएगी।

———बाइट———

---

मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न भागों में अगले कुछ दिनों तक आंधी, बारिश और वज्रपात की स्थिति जारी रहने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान भागलपुर, बांका, कटिहार, किशनगंज और जमुई में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि इस वर्ष मानसून सीजन में देशभर में सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। विभाग के महानिदेशक, मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि जून से सितंबर के बीच होने वाली वर्षा औसत से अधिक रहने की संभावना है।

---

राज्य सरकार ने खगड़िया जिले के मानसी अंचल के तत्कालीन अंचलाधिकारी प्रभात कुमार को अनिवार्य सेवानिवृत्ति पर भेजने का निर्णय लिया है। प्रभात कुमार पर पूर्वी चंपारण, लखीसराय और खगड़िया जिले में पदस्थापन के दौरान कार्य निर्वहन में लापरवाही, वित्तीय अनियमितता और कनिष्ठ कर्मियों के साथ अभद्र व्यवहार का आरोप जांच में सही पाया गया।

---

जदयू नेता और सकरा से पूर्व विधायक सुरेश चंचल तथा जदयू के राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य परवेज मोहम्मद सिद्धिकी कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए हैं। पटना स्थित कांग्रेस प्रदेश कार्यालय, सदाकत आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने इन दोनों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

---

समस्तीपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कोर्ट परिसर से आज पांच कुख्यात कैदी पुलिस हिरासत से फरार हो गए। अपर पुलिस अधीक्षक संजय कुमार पांडेय ने बताया कि कोर्ट परिसर के हाजत में कैदियों के बंद करने के दौरान ये कैदी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. केंद्रीय कैबिनेट का किसानों के हित में फैसला – धान समेत चौदह खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एम.एस.पी. में वृद्धि को मंजूरी दी।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। श्री मोदी कल पटना हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। रोड–शो में भी शामिल होंगे।

03. पटना में कोरोना के छह और संक्रमित मिले। संक्रमितों में एम्स की महिला डॉक्टर और दो नर्सें भी शामिल।

04. और, राज्य के विभिन्न भागों में प्री–मॉनसून बारिश का सिलसिला जारी। मौसम विभाग ने आज भागलपुर, बांका, कटिहार, किशनगंज और जमुई में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।